Govt.Girls College Sadulshahar

(SriGanganagar)

SPORTS

2021-22

Annual Report

खेलकूद विभाग की उपलब्धियां

राजकीय महिला महाविद्यालय, सादुलशहर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी छात्राओ ने सत्र 2021—22 में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं कई आकर्षक उपलब्धियां अर्जित की। महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद न होने की स्थिति में भी खिलाड़ी छात्राओं की उपलब्धियां प्रशसनीय हैं।

दिनांक 10.12.2021 को महराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा ''बाक्सिंग'' की अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी महाविद्यालय श्रीगंगानगर में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्रा शीतल कक्षा बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 45 किग्रा में कांस्य पदक जीत कर महाविद्यालय का सम्मान बढाया।

दिनांक 23.12.2021 को डीएवी महाविद्यालय श्रीगंगानगर ने आयोजित अन्तर महाविद्यालय ''कराटे'' प्रतियोगिता में महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्रा रमनदीप कौर बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 65 से कम में स्वर्ण पदक एवं मुस्कान बीए पार्ट द्वितीय ने वजन श्रेणी 55 किग्रा से कम में कांस्य पदक जीता।

दिनांक 06.01.2022 को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा ''वुशू'' खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन RCHE College जण्डवाली में किया गया। इस अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्रा रमनदीपकौर बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 65 किग्रा से कम में स्वर्ण पदक, सरोज बीए पार्ट द्वितीय ने वजन श्रेणी 45 किग्रा से कम में रजत पदक एवं मुस्कान बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 55 किग्रा से कम, मोनिका बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 56 किग्रा से अधिक एवं शीतल बीए पार्ट प्रथम ने वजन रेणी 45 किग्रा से अधिक में कांस्य पदक हासिल किया। महाविद्यालय की होनहार खिलाड़ी छात्रा रमनदीप कौर पुत्री श्री जसपाल सिंह बीए पार्ट प्रथम का अनतर विश्वविद्यालय वुशू प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

वुशू प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लहराया परचम

सादुलशहर। हनुमानगढ़ के रेयान कॉलेज में आयोजित 18वी इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय सादुलशहर के खिलाडियों ने परचम लहराया । प्राचार्य अनीता शर्मा ने बताया कि कोच देवेंद्र राजपूत की अगुवाई में खिलाडियों ने दमदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में रमनदीप - 60 किलोग वर्ग भार में स्वर्ण पदक , सरोज बाला ने 45 किलो वर्ग भार में रजत पदक , शीतल नागर ने 48 किलो वर्ग भार में मुस्कान ने 52 किलो वर्ग भार और मोनिका लिंबा ने 65 किलो वर्ग भार में कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया । रमनदीप कौर का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुआ है। कॉलेज पहुंचने पर सभी खिलाडियों का सम्मान किया गया.

दिनांक 06.02.2022 को श्री गुरूनानक खालसा स्नातकोर महाविद्यालय श्रीगंगानगर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ''पंचिग स्लाईड'' अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्रा शीतल बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 45 किग्रा से अधिक में स्वर्ण पदक जीता। सरोज बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 45 किग्रा से कम में रजत पदक तथा मोनिका बीए पार्ट प्रथम ने वजन रेणी 56 किग्रा से अधिक व कंचन बीए पार्ट प्रथम वर्ष वजन श्रेणी 40 किग्रा से कम ने कांस्य पदक जीत का महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

दिनांक 16.02.2022 खालसा कॉलेज श्रीगंगानगर में ''क्वान की डो'' खेल कूदप्रतियोगिता में महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्रा रमनदीप कौर/जसपाल सिंह बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 65 किग्रा से कम में मुन्नी बीए पार्ट प्रथम वर्ष वजन श्रेणी 65 किग्रा से अधिक में, तथा पूनम बीए पार्ट प्रथम ने वजन श्रेणी 45 किग्रा से कम में स्वर्ण पदक हासिल किये। इनके अलावा रमनदीपकौर एम. ए. पूर्वाद्ध गृहविज्ञान ने वजन श्रेणी 56 किग्रा से अधिक में रजत तथा मुस्कान बीए पार्ट द्वितीय वर्ष ने वजन श्रेणी 55 से कम में कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय की शोभा बढाई।

महाविद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी छात्रा रमनदीपकौर पुत्री श्री जसपाल सिंह ने अन्तर विश्वविद्यालय ''वुशू'' प्रतियोगिता में प्रतिभागिता दी।

दिनांक 27.03.2022 को पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में जिसमें 180 विश्वविद्यालयों की खिलाड़ी छात्राओं ने भाग लिया जिसमें महाविद्यालय की रमनदीपकौर ने वजन श्रेणी 65 किग्रा से कम में कांस्य पदक जीतकर न सिर्फ महाविद्यालय बल्कि पुरे श्रेत्र का नाम रोशन किया।